आवश्यक / महत्वपूर्ण

पत्र सं0-बी-1-5-बजट/2021-2022/ 162 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर ,उत्तर प्रदेश

(बजट अनुभाग)

लखनऊ ::: दिनांक :: 28 जून, 2021

समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विगत कुछ समय से यह संज्ञान में आ रहा है कि मुख्यालय द्वारा बजट आवंटित किये जाने के पश्चात् कुछ आहरण एवं वितरण अधिकारियो द्वारा बजट का उपभोग अपनी आवश्यकता के अनुसार न करके उक्त बजट काफी समय तक अपने कार्यालय में अवशेष रखा जाता है। इस कार्यप्रणाली पर कमिश्नर महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है तथा प्रत्येक माह समीक्षा करने की इच्छा व्यक्त की है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि बजट की मॉग वर्तमान आवश्यकता के आधार पर ही की जाय ताकि आवंटित धनराशि का सही उपभोग हो जाय एवं धनराशि काफी समय तक आपके स्तर पर अवशेष न रहे। कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(शैलेश गिरि)
एडीशनल कमिश्नर(लेखा), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

6/28/2021DDO_LETTERS.doc
280